हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 6 फरवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री


2 तलवापारा में पांच दिवसीय योग शिविर




## खबर संक्षेप

### प्रीति ने अस्सिस्टेंट प्रोफेसर साथ ही पीएचडी के लिए किया क्वालीफाई



**अम्बिकापुर।** शहर के सुश्री प्रीति रवि आ.राजदेव रवि ने एनटीए यूजीसी नेट परीक्षा में 93.71 प्रतिशत अंक के साथ अस्सिस्टेंट प्रोफेसर साथ ही पीएचडी के लिए भी क्वालीफाई कर लिया है । बता दे कि यह परीक्षा नेशनल टेस्ट एजेंसी द्वारा आयोजित की जाती है जो कि जे ई ई तथा नीट जैसे बड़े एग्जाम कंडक्ट कराती है। प्रीति ने कंप्यूटर साइंस एंड कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय से इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। प्रीति के पिता राजदेव रवि शहर के ही स्कूल रोड में एक छोटी सी सिलाई की गुमटी चला कर अपने बच्चों की शिक्षा एवं घर का खर्च वहन करते है। प्रीति ने बताया उसे प्रेरणा उनके पिता से मिलती है, उनके मेहनत एवं परिश्रम को देख कर खुद को प्रेरित करती है, साथ ही अपने गुरुजनों को श्रेय दिया जिन्होंने उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया है।

### गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार



**राजपुर।** अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के विरुद्ध चलाए गए अभियान में पुलिस ने सफलता हासिल की है। बरियों पुलिस ने 1.10 केजी गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि 4 फरवरी को बरियों पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी एक युवक अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर बिक्री के लिए बरियो, राजपुर शंकरगढ़ क्षेत्र की ओर आने वाला है। सूचना के के बाद बरियों चौकी, राजपुर व शंकरगढ़ पुलिस के साथ ही साइबर सेल की टीम ने घेराबंदी की। इस दौरान ग्राम बघिमा में एक युवक के गांजा से भरा बैग लेकर ग्राहक का इन्तजार करने की जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस ने संदेही को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के बैग से 1.10 किलो ग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान शुरुआत में आरोपी ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया और अपना नाम बतौली निवासी उमेश यादव बताया लेकिन कड़ाई से पूछताछ के बाद आरोपी की पहचान सूरजपुर जिले के प्रतापपुर कोटया निवासी 40 वर्षीय उमेश कुमार गुप्ता आ. भोला प्रसाद गुप्ता के रूप में की गई। आरोपी ने गांजा लाकर बिक्री करने के लिए ग्राहक का इंजतार करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी से बिना नंबर की होंडा शाइन बाइक, गांजा व 22 हजार रुपए नगदी, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रोनिक तराजू जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस की धारा 20 (बी) के तहत कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजपुर, उनि सुबल सिंह, प्रधान आर राजेंद्र ध्रुव, विजय गुप्ता, आरक्षक रूपेश गुप्ता, शंकर दयाल, अजय टोप्पो, सुबोध सहित अन्य सक्रिय रहे।

### दो कारों में आमने-सामने भिड़ंत, 5 लोग हुए घायल



**रामानुजगंज।** पलटन घाट के समीप गुरुवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब घाट समीप मोड़ पर दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में कार सवार 5 लोग घायल हो गए। इधर घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार मीड़िया कर्मी नवीन तिवारी (49 वर्ष) पत्नी मधु तिवारी (44 वर्ष) के साथ बनारस से इलाज कराकर वापस लौट रहे थे।

### शहर एवं समूह जल आवर्धन योजना को हर दिन 12.43 एमएलडी पानी की आपूर्ति

# अवैध अतिक्रमण से बांकी नदी की धार हुई पतली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

अवैध अतिक्रमण से बांकी नदी की धार पतली हो गई है। लम्बे समय बाद इस बार बरसात में बांकी बांध लबालब हो गया है विभाग द्वारा वर्षों से शहर की पेयजल जरूरतों को पूरा करने बांध से आपूर्ति किया जा रहा है। हाल ही में विभाग ने समूह जल आवर्धन योजना के लिए नियमित पानी आपूर्ति करने का समझौता किया है। भविष्य में बांध में पर्याप्त पानी नहीं भरा तो लोगों को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है।

- कई सालों बाद इस बार लबालब हुआ था बांध

शहर से सटे ग्राम पंचायत चेंद्रा में बांकी नदी का उद्गम स्थल है। यहां से एक नाले के रूप में नदी निकलती है पहाड़ों के बीच बने बांकी जलाशय तक पहुंचती है। पूर्व में नदी का प्रवाह तेज होने के कारण बांकी जलाशय हमेशा लबालब रहता था बांध में पर्याप्त पानी उपलब्ध होने के कारण विभाग नहरों के माध्यम से खेतों की सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराता था। शहर के निकट की खेती की जमीनों में धीरे-धीरे घनी आबादी बस गई। आसपास के गांवों की भी आबादी साथ ही सिंचाई की जरूरतें भी समाप्त हो गई। वर्षों पूर्व विभाग द्वारा बनाई गई पक्की नहर अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है। नदी के उद्गम स्थल की भूमि पर भी ग्रामीणों ने कब्जा जमा लिया है तथा उद्गम स्थल के पास की जमीन में लोग खेती कर रहे हैं। लगातार बढ़ते अवैध अतिक्रमण के कारण अब बांकी नदी की धार पतली हो गई है।



#### पेयजल के लिए पानी की आपूर्ति

जल संसाधन विभाग दशकों से ग्रेविटी पाइप लाइन के माध्यम से पेयजल के लिए बांकी बांध का पानी ननि को आपूर्ति कर रहा है। पूर्व में बांकी बांध के पानी से ही शहर के हर घर में पानी की आपूर्ति की जा रही थी। ग्रेविटी पाइप लाइन के माध्यम से बांध का पानी तकिया फिल्टर प्लांट में पहुंचता है जहां से पानी को स्वच्छ करने के बाद टंकियों के माध्यम से घरों में आपूर्ति किया जाता है। अमृत मिशन के तहत घुनघुट्टा बांध का पानी आपूर्ति किया जा रहा है। अभी भी ननि बांकी बांध का 8.93 एमएलडी पानी नियमित ले रहा है। इधर जल जीवन मिशन के तहत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लुण्ड्रा तहसील सहित आसपास से जलस्त्रोत विहीन डेढ़ दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतों के लिए खैरबार समूह जल आवर्धन योजना बना रहा है। पीएचई ने जल संसाधन विभाग से योजना के लिए नियमित 3.50 एमएलडी पानी आपूर्ति करने का समझौता किया है। वर्तमान में बांध में पर्याप्त पानी उपलब्ध है इसलिए पानी आपूर्ति करने में कोई समस्या नहीं है लेकिन पूर्व की तरह बांध में पर्याप्त पानी नहीं भरा तो पेयजल के लिए भीषण समस्या उत्पन्न हो सकती है। हालांकि विभाग के अधिकारी बांध में पर्याप्त पानी नहीं भरने के पीछे कम बारिश होने को कारण बता रहे हैं।

#### नदी में कर रहे खेती

बांकी नदी का पानी ग्राम पंचायत खैरबार के रास्ते शंकरघाट तक पहुंचता है। शंकरघाट में नदी के किनारे छठ घाट का निर्माण किया गया है। घाट पर हर साल बड़ी संख्या में महिलाएं छठ का व्रत कर सूर्यदेव को अर्घ्य देती हैं। नदी का पानी बेहद गंदा होने के कारण व्रतियों एवं श्रद्धालुओं को भारी परेशानी होती है। ग्रामीण पूरी नदी में खरीफ एवं ग्रीष्म कालीन धान की खेती करते है। दो साल पूर्व मार्च महीने में बांध का पानी सिमटकर 2 फीसदी पहुंच गया था जिससे शहर में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित हो गई थी। हालांकि इस दौरान बारिश होने के कारण स्थिति संभल गई थी।

#### भेजा गया है प्रस्ताव

बांकी बांध से चेंद्रा नाला को जोड़ने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। नदी के केचमेंट एरिया के अवैध अतिक्रमण को हटाया जाएगा।

-अशोक निरंजन
ईई, जल संसाधन विभाग

पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से बरसात के दौरान भी बांध में पूरा पानी नहीं भर रहा है। बांध तक प्राकृतिक नदी-नालों के स्त्रोत से जोड़ने का कोई विकल्प भी उपलब्ध नहीं है। ऐसे में बांध में पर्याप्त पानी नहीं भरने पर शहर सहित आसपास के अनेक गांवों में भीषण संकट उत्पन्न हो सकता है। बांध में पानी भराव की स्थिति से विभाग के अधिकारी भी चिंतित हैं तथा विकल्पों को तलाश रहे हैं।

## मोबाइल दुकान की आड़ में चल रही थी ई सिगरेट व विदेशी चाकू की बिक्री



**अंबिकापुर।** सरगुजा में भी अब महानगरों की तर्ज पर ई सिगरेट के कारोबार का चलन बढ़ता जा रहा है। युवा ई सिगरेट बेधड़क पी रहे है। बड़ी बात यह है कि शहर में बड़े दुकानदारों द्वारा बाहर से ऑनलाइन ई सिगरेट मंगवाकर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही अब शहर ने चाइनीज चाकू भी उपलब्ध कराए जा रहे है। इस बात का खुलासा गुरुवार को पुलिस की कार्रवाई से हुआ है। प्रारंभिक कार्रवाई में पुलिस ने ई सिगरेट और चाकू बरामद किया है। स्कूल के समीप संचालित मोबाइल दुकान में खुलेआम इनकी बिक्री की जा रही थी। फिलहाल पुलिस द्वारा व्यवसायी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- पुलिस ने मारा छापा, युवाओं को पड़ रही ई सिगरेट की लत

बताया जा रहा है कि शहर के मेडिकल कॉलेज अस्पताल रोड शासकीय मणिपुर स्कूल के सामने संचालित अमित मोबाइल में ई सिगरेट और विदेशी चाकू बिक्री किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना के बाद सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में मणिपुर थाना ⏭ शेष पेज 2 पर

#### चल रही है जांच

मुखबिर से मिली सूचना के बाद मोबाइल दुकान में छापा मारा गया था। इस दौरान दुकान से ई सिगरेट और विदेशी चाकू बरामद किया गया है। व्यवसायी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।
**राहुल बंसल**, सीएसपी

## नेशनल हाईवे पर डीजल चोर गिरोह सक्रिय खड़े ट्रक से किया 3 सौ लीटर डीजल पार


**सीतापुर।** लंबे अरसे बाद एक बार फिर से नेशनल हाईवे क्रमांक 43 में डीजल चोर गिरोह सक्रिय हो गया है। सड़क किनारे खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी कर ट्रक वालों को मोटी चपत लगा रहे है। नेशनल हाईवे में खड़ी ट्रकों से डीजल चोरी का मामला बढ़ता जा रहा है। विदित हो कि लंबे अरसे बाद नेशनल हाईवे क्र-43 में डीजल चोर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय हो गया है।

इस गिरोह में ज्यादातर स्थानीय युवा है जो सड़क किनारे खड़ी ट्रकों से डीजल पार कर उसे औने पौने दामों पर लोकल वाहनों में खपाते है। इनके विरुद्ध पूर्व में थाने में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी लेकिन पुलिसकर्मियों की कृपादृष्टि से इन पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। ऐसा ही एक मामला देर रात प्रकाश में आया जब देर रात ढाबा के सामने खड़ी ट्रेलर क्र सीजी 15 इसी 1701 से चोरों ने 3 सौ लीटर डीजल पार कर दिया। उक्त ट्रेलर रायगढ़ से लोहा लेकर यूपी के मिर्जापुर जा रहा था। रात होने की वजह से ट्रेलर का चालक नेशनल हाईवे क्र-43 में ग्राम बालमपुर में यादव ढाबा के पास ट्रेलर खड़ी कर आराम कर रहा था। चोर गिरोह ने टंकी का ताला तोड़कर 3 सौ लीटर डीजल पार कर दिया। इस बात की जानकारी मिलते ही ट्रेलर के मालिक अंबिकापुर निवासी क्षितिज साहू ने थाने में डीजल चोरी की सूचना दर्ज करा दी। इसके अलावा वो अपने स्तर पर स्थानीय सूत्रों के माध्यम से डीजल चोर गिरोह के बारे में जानकारी जुटा रहे थे। सूत्रों के माध्यम से जब उन्हें पता चला कि डीजल चोर स्थानीय है तब वहां मालिक ने अपने लोगों को ग्राहक बनाकर डीजल चोर गिरोह के सदस्य के पास डीजल लेने भेजा। इस सम्बंध में वाहन मालिक द्वारा अवगत कराने के बाद थाना प्रभारी ने एक प्रधान आरक्षक और आरक्षक भेजने की बात कही। इससे पहले की प्रधान आरक्षक और आरक्षक वहां पहुंचते उससे पहले डीजल चोर गिरोह के सदस्य तक खबर पहुंच गई कि पुलिस आ रही है। यह खबर मिलते ही डीजल चोर गिरोह का सदस्य मौके से चोरी का डीजल लेकर फरार हो गया। इस बारे में जब वाहन मालिक ने प्रधान आरक्षक से संपर्क साधा तब वो कार्यवाही के नाम पर बहाना बनाते नजर आये। प्रधान आरक्षक का ये रवैया देख ट्रेलर मालिक ने मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि पुलिस अगर समय पर पहुंच जाती तो डीजल चोर को रंगे हाथों पकड़ा जा सकता था। उन्होंने इस संबंध में पुलिस के उच्चाधिकारियों से शिकायत करने की बात कही है। पुलिस ने डीजल चोरी के मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि देर रात ट्रेलर वाहन से हुई डीजल चोरी का मामला दर्ज कर लिया गया है। अभी तक डीजल चोरी करने वालों का सुराग हाथ नहीं लगा है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

## धान खरीदी की तिथि बढ़ाये जाने पर भाजपा किसान मोर्चा ने जताया सीएम का आभार

**सीतापुर।** किसानों का धान खरीदी के लिए दो दिन की तिथि बढ़ाये जाने पर भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया है। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा ने कहा कि प्रदेश की संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार किसानों का एक एक दाना धान खरीदेगी। किसानों की इस परेशानी को देखते हुए विगत दिनों भाजपा किसान मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलने पहुंचा था। इस सम्बंध में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जनपद उपाध्यक्ष सीतापुर अनिल अग्रवाल ने बताया की चर्चा के दौरान किसानों की पीड़ा से मुख्यमंत्री को अवगत कराते हुए धान खरीदी का डेट बढ़ाने की मांग की गई थी। किसान मोर्चा द्वारा डेट बढ़ाने की मांग को मुख्यमंत्री ने बड़ी गंभीरता से सुना और उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया था। जिस पर निर्णय लेते हुए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों के हित में निर्णय लेते हुए दो दिन का डेट बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते हुए भाजपा किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री का आभार जताया है। वही सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के लाखों वंचित किसानों के चेहरे पर रौनक लौट आई है। अब किसान बढ़े डेट में धान खरीदी केंद्र के माध्यम से सरकार को अपना धान बेच सकेंगे।

## कलेक्टोरेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर की दानपेटी से चोरी



**अंबिकापुर।** शहर के कलेक्टोरेट परिसर स्थित हनुमान मंदिर से चोरों ने दान पेटी चोरी की। कलेक्टर कार्यालय में मौजूद मंदिर में चोर की घटना से जिलेभर में हड़कंप मच गया है। चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हुई है जिसमें तीन नकाबपोश वारदात को अंजाम देते नजर आ रहे है। मंदिर के पुजारी ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस जांच में जुट गई है लेकिन कलेक्टर और एसपी कार्यालय के सामने मंदिर से हुई चोरी ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए है।

बता दें कि जिला कलेक्टर कार्यालय परिसर में हनुमान मंदिर की स्थापना की गई है। इस मंदिर में प्रतिदिन पूजा अर्चना होती है। मंदिर से चंद कदम की दूरी पर सरगुजा कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक का दफ्तर है इसलिए इस परिसर को सबसे सुरक्षित माना जाता है लेकिन बीती रात चोरों ने कलेक्टोरेट परिसर में मौजूद मंदिर में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। चोरों ने मंदिर के बाहर रखे दानपेटी के पास लगे ग्रेनाइट को हटाया। स्क्रू खोलकर दानपेटी के अंदर हाथ डाला और पैसे निकाल लिए। महज 15 मिनट में चोरी कर आरोपी भाग गए। चोरी की जानकारी सुबह मंदिर के पुजारी दिनेश तिवारी के मंदिर पहुंचने पर मिली। चोर लगभग 4 बजे भोर में मंदिर में चोरी करने के लिए पहुंचे थे। फिलहाल इस बात का पता नहीं चल सका है कि दानपेटी में कितनी राशि थी लेकिन कलेक्टोरेट परिसर में मंदिर होने के कारण इसका संचालन समिति द्वारा किया जाता है और प्रतिमान दानपेटी खोली जाती है। कुछ दिनों पूर्व ही मंदिर की दानपेटी खोली गई थी। वहीं मंदिर परिसर से पहले चोरों ने सिविल कोर्ट के पीछे संचालित एक पान ठेले में भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। सुबह चोरी की जानकारी लगने के बाद हड़कंप मच गया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

## रेलवे डीआरएम ने अंबिकापुर-करंजी-कोतमा स्टेशनों का किया निरीक्षण

**बिश्रामपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नवपदस्थ मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राकेश रंजन ने आजगुरूवार को अंबिकापुर–अनूपपुर रेल सेक्शन के अंतर्गत अंबिकापुर, करंजी एवं कोतमा रेलवे स्टेशनों का व्यापक निरीक्षण किया,डीआरएम गुरूवार की प्रातः दुर्ग–अंबिकापुर एक्सप्रेस ट्रेन में अटैच सैलून के माध्यम से सीधे अंबिकापुर पहुंचे।

- अंबिकापुर में प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने दिए निर्देश

अंबिकापुर स्टेशन पहुंचने के बाद डीआरएम ने स्टेशन पर प्रस्तावित प्लेटफॉर्म नंबर 2 एवं 3 के निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर संबंधित अधिकारियों से कारणों की जानकारी ली,संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने प्लेटफॉर्म निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ कराने के निर्देश दिए,उन्होंने स्पष्ट कहा कि यात्री सुविधाओं से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी,इसके पश्चात डीआरएम ने अंबिकापुर स्टेशन में निर्माणाधीन पिट लाइन का निरीक्षण किया और अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने पर जोर दिया,निरीक्षण के दौरान वे लगभग एक घंटे से अधिक समय तक स्टेशन परिसर में रुके रहे।

डीआरएम ने स्टेशन की पार्किंग व्यवस्था, साफ-सफाई, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष एवं अन्य यात्री सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्टेशन परिसर की नियमित स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए सतत मॉनिटरिंग के निर्देश अधिकारियों को दिए।अंबिकापुर के बाद डीआरएम स्पाइक वैन के माध्यम से विंडो निरीक्षण करते हुए करंजी स्टेशन पहुंचे। यहां उन्होंने बीच में बंद पड़ी कोल साइडिंग की स्थिति की जानकारी ली,अधिकारियों ने बताया कि 10 जनवरी से साइडिंग में कोयले की आवक प्रारंभ हो चुकी है तथा 4 फरवरी से रैक के माध्यम से कोयले की आपूर्ति भी शुरू कर दी गई है,करंजी स्टेशन के निरीक्षण के पश्चात डीआरएम ने कोतमा सहित सेक्शन के अन्य स्टेशनों का भी निरीक्षण किया और इसके बाद बिलासपुर मंडल मुख्यालय के लिए रवाना हुए।

### जान से मारने की धमकी देकर वसूले 1 लाख रुपए

# मछली व्यापारी का अपहरण कर लूट, मांगी 2 लाख की फिरौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबिकापुर

पश्चिम बंगाल से शहर में आए मछली कारोबार का अपहरण कर मारपीट और जान से मारने की धमकी देकर लूट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने व्यवसायी और उसके साथी से पहले रास्ता रोककर लूटपाट की और फिर अपहरण कर एक कमरे में ले गया जहां मारपीट कर 2 लाख रुपए की मांग की। जान से मारने की धमकी देकर 1 लाख रुपए वसूल किया। इस मामले में फिलहाल पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य की तलाश जारी है।

- पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, पश्चिम बंगाल से आया था व्यवसायी

बताया जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के परगना नारायणपुरा बालिसखाना निवासी अरूप दास मछली कारोबारी है। व्यवसायी अरूप दास मछली कारोबार के लिए कलकत्ता से अंबिकापुर आया था और एक होटल में रुका हुआ था। व्यवसायी घूम घूमकर मछली विक्रेताओं से संपर्क कर रहा था। इस दौरान 3 फरवरी को मौलवी बांध के तरफ जब व्यवसायी अपने साथी के साथ मछली देखने जा रहा था। इसी दौरान एक स्कूटी और एक बाइक से 4 लोग मौके पर आए और व्यवसायी से पूछताछ करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने व्यवसायी और उसके साथी के साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर अपने बाइक पर बैठा लिया और सुनसान जगह पर लेजाकर उनके पास मौजूद 35 हजार रुपए नगद, मोबाइल फोन, पर्स लूट लिए। बताया जा रहा है कि लूटपाट के बाद आरोपी व्यवसायी और उसके साथी को एक कमरे में ले गये जहां दोनों के साथ जमकर मारपीट की गई। आरोपियों ने व्यवसायी से दो लाख रुपए की मांग की और रुपए नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी।




#### कमरे में बंद कर मांगी फिरौती

मारपीट और जान से मारने की धमकी से दहशत में आए व्यवसायी ने अलग अलग माध्यम से अपहरणकर्ताओं को 1 लाख 1 हजार रुपए दिया। रातभर कमरे में बंधक बनाए रखने के बाद आरोपियों ने दोनों को 4 फरवरी को छोड़ दिया। इस घटना की शिकायत व्यवसायी ने कोतवाली पुलिस से की थी जिसके बाद एसएसपी व डीआईजी राजेश अग्रवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देस के बाद एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के निर्देश पर कोतवाली पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने रघुनाथपुर जरहाडीह निवासी 21 वर्षीय अलताब खान आ. अरमान खान व दर्रीपारा निवासी 22 वर्षीय शरद चौधरी आ. दिनेश चौधरी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने अपहरण और लूटपाट के साथ ही फिरौती लेने की बात स्वीकार की। आरोपियों के खाडे में जमा कराए गए 56 हजार को पुलिस ने होड़ कराने के साथ ही 3 नग मोबाइल फोन, जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115 (2), 190, 191(2), 127(7), 310(2), 135 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। इस कार्रवाई मंद थाना प्रभारी कोतवाली शिकान्त सिन्हा, उनि केके यादव, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, जयदीप सिंह, विकास सिन्हा, आरक्षक मनीष सिंह, अमनपुरी, राहुल केरकेट्टा, मंटू गुप्ता, शिव राजवाड़े सक्रिय रहे।

## मोबाइल की प्री बुकिंग के नाम पर 16 लाख रुपए की ठगी, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** व्यवसायी को फ्लैगशिप मोबाइल के प्री बुकिंग में छूट और मुनाफे का लालच देकर 16 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। निवेश के नाम पर व्यवसायी से किश्तों में रुपए जमा कराए गये। बाद में ठगी का एहसास होने पर व्यवसायी ने कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की है। बताया जा रहा है कि अर्पित अग्रवाल स्टॉक मार्केट में ट्रेडिंग और फोन खरीदी बिक्री का काम करते है। व्यवसायी के अनुसार रियल स्टेट कारोबारी आदित्य गुप्ता के माध्यम से आयुष सिंह राजपूत से उसकी पहचान हुई हुई थी। आदित्य गुप्ता ने बताया कि आयुष रेत माफिया है। इसका करोड़ों का कारोबार है। वो कान्हा मोबाइल के संचालक के साथ भी काम करता है। 20 अक्टूबर 2025 को आयुष सिंह ने अर्पित अग्रवाल को बताया कि वीवो के फ्लैगशिप फोन पर क्रेडिट कार्ड के माध्यम से प्री-बुकिंग पर भारी छूट मिल रही है। यह फोन बड़े मोबाइल डीलर कान्हा मोबाइल के पास ही उपलब्ध हो सकता है। अर्पित अग्रवाल 12 नवंबर को आयुष सिंह के साथ कान्हा मोबाइल दुकान पहुंचा। मोबाइल की डिलेवरी के संबंध में आयुष ने बताया कि, 14 दिन के बाद मिलेगी। यदि मोबाइल नहीं मिला तो पैसा वापस कर दिया जाएगा। आयुष ने 25 और 28 नवंबर को करीब 5 लाख का ट्रांजेक्शन कान्हा मोबाइल के खाते में क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कराया। 10 दिसंबर को आयुष ने अर्पित से संपर्क कर एक्सक्लूसिव ऑफर्स का झांसा देकर दो लाख और 12 दिसंबर को 5 लाख कान्हा मोबाइल में जमा कराया। 17 और 18 दिसंबर को 2.80 लाख और 66 हजार का ऑनलाइन टांजेक्शन क्रेडिट कार्ड के माध्यम से कान्हा मोबाइल के खाते में कराया। 26 दिसंबर को आयुष से संपर्क करने पर अर्पित अग्रवाल को बताया गया कि फोन की डिलीवरी कैसिंल हो गई है। आपको आपका पैसा रिफंड कर दिया जाएगा। रिफंड के नाम पर उन्हें एक माह तक आयुष सिंह राजपूत घूमाता रहा। अर्पित अग्रवाल ने कान्हा मोबाइल के संचालक आयुष अग्रवाल से खुद जाकर पता किया तो उन्होंने बताया कि आयुष सिंह राजपूत ने सभी आनलाइन ट्रांजेक्शन के कुछ देर बाद ही कैश ले लिया था।

## खबर संक्षेप

### डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा एग्रीस्टैक पहल के अंतर्गत किसानों के लिए डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य किया जा रहा है। निकट भविष्य में विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसान आईडी आवश्यक होगी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसान आईडी निर्माण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाते हुए किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिले के सभी कृषकों से शीघ्र अपना डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाने की अपील की गई है।

### आयकर से विवादों को कम करने का प्रयासः आकाश



**मनेन्द्रगढ़।** यूनियन बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सीए आकाश अग्रवाल ने कहा कि यूनियन बजट 2026-27 में सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि को तेज करने पर जोर दिया है। वर्तमान बजट करदाताओं पर सरकार के विश्वास को दिखाता है। बजट में आयकर से जुड़े विवादों को काफी हद तक कम करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर, बायो सेक्टर और सेमीकंडक्टर निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। कृषि व सुशासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना की जाएगी। डायरेक्ट टैक्स कोड लागू होने से कर प्रणाली सरल होगी। इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेल, सड़क और उद्योग के लिए रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है। बजट में एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई गई हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों के लिए भी अतिरिक्त प्रावधान किए गए हैं, जबकि आयकर स्लैब में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है।

### जिला क्रिकेट संघ के गुरमीत बने नए अध्यक्ष

**मनेन्द्रगढ़।** जिला क्रिकेट संघ कोरिया की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक में संघ से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक, खेल विकास एवं आगामी गतिविधियों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### मोबाइल दुकान की ...

प्रभारी सीपी तिवारी व पुलिस टीम ने दोपहर में दुकान में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने मोबाइल दुकान की जांच के दौरान बड़ी मात्रा में ई सिगरेट, ई सिगरेट के रीफिल, अन्य सामान के साथ ही 25 से अधिक विदेशी चाकू बरामद किया है। व्यवसायी द्वारा लम्बे समय से अवैध रूप से ई सिगरेट की बिक्री का कारोबार किया जा रहा था। बड़ी बात यह है कि व्यवसायी शासकीय स्कूल के समीप अपने मोबाइल दुकान की आड़ ने में नशे का सामान बेच रहा था। इस कार्रवाई से स्पष्ट हुआ है कि सरगुजा के युवाओं में सिगरेट, गांजा, शराब के बाद अब ई सिगरेट के नशे का खुमार चढ़ रहा है और इसकी डिमांड बढ़ गई है यही वजह है कि व्यवसायी बेखौफ होकर इसकी बिक्री कर रहे है। ऑनलाइन उपलब्ध कराया जा रहा सामान अब तक की जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी दुकान संचालक अमित अग्रवाल युवाओं को ई सिगरेट उपलब्ध करा रहा था। व्यवसायी ऑनलाइन ई सिगरेट मंगवाता था। इसके साथ ही मौके से डेढ़ इंची वाले चाकू मिले है और इन चाकुओं पर चाइनीज में लिखा हुआ है जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चाकू चाइनीज सप्लाई वाले है। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि ई सिगरेट और चाकू किस तरह से सरगुजा में मंगवाए जा रहे थे और इनकी सप्लाई किसको होती थी। जांच के बाद पुलिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करेगी। फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है।

---

### खड़गवां के भुकभुकी में अंजनहिल माइंस परियोजना के लिए जनसुनवाई

# किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं होगाः जीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोमनहिल

अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड ने दक्षिण-पूर्वी चिरमिरी कोलफील्ड क्षेत्र में स्थित अपनी प्रस्तावित अंजनहिल कोयला खदान परियोजना के लिए जनसुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।

यह परियोजना कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चिरमिरी क्षेत्र के अंतर्गत आती है तथा लगभग 388.261 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित है। प्रस्तावित कोयला उत्खनन परियोजना की जनसुनवाई 5 फरवरी को ग्राम भुकभुकी, जनपद पंचायत खड़गवां में आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला एवं क्षेत्रीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें अपर कलेक्टर अनिल सिदार, पर्यावरण जलवायु संरक्षण अधिकारी शैलेष पिसदा, अनुविभागीय अधिकारी बृजेन्द्र



कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि।

सारथी, स्थानीय सीएसपी दीपिका मिंज, एसईसीएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार तथा सब एरिया मैनेजर मनीष सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। जनसुनवाई के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने परियोजना के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रिया ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए खदान का खुलना स्वागतयोग्य है। इस अवसर पर चिरमिरी महापौर रामनरेश राय, नगर निगम चिरमिरी के सभापति संतोष सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष गायत्री बिरहा एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनसुनवाई की प्रक्रिया नामित अधिकारियों एवं वैधानिक प्राधिकरणों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता तथा सभी नियामक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न हुई। परियोजना को स्थानीय निवासियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जो कंपनी की कार्यप्रणाली एवं प्रतिबद्धताओं के प्रति समुदाय के


जनसुनवाई में उपस्थित लोग।

विश्वास को दशार्ती है। जनसुनवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों द्वारा निजी भूमि अधिग्रहण को लेकर चिंता व्यक्त की गई, इस पर एसईसीएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। परियोजना का विकास केवल आवंटित लीज क्षेत्र के भीतर एवं सभी वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाएगा। अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड ने यह भी बताया कि कंपनी स्थानीय समुदायों के समग्र विकास एवं कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, सुरक्षा उपाय एवं जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कंपनी द्वारा हाल ही में किए गए सामुदायिक विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया। इनमें हुडी जैकेट, स्कूल बैग तथा डेस्क-बेंच का वितरण शामिल है। परियोजना के संचालन से क्षेत्र में आजीविका के नए अवसरों के सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

---

# रामानुज मिनी स्टेडियम में होगा कोरिया महोत्सव

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित रामानुज मिनी स्टेडियम में प्रस्तावित आगामी 16, 17 फरवरी को कोरिया महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं।



■ प्रशासनिक तैयारियां शुरू

महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन की प्रबल संभावना जताई जा रही है, जिसके मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में 5 फरवरी की दोपहर कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अपने अमले के साथ शहर का भ्रमण कर आयोजन स्थल सहित प्रमुख व्यवस्थाओं का जायजा ली। उन्होंने शहर के रेस्ट हाउस मार्ग में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, पार्किंग, साफ-सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोरिया महोत्सव के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय कलाकारों की सहभागिता एवं जिले की सांस्कृतिक पहचान को प्रमुखता से प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया गया। दूसरी ओर कोरिया महोत्सव को लेकर जिलेवासियों में उत्साह का माहौल है। यह आयोजन कोरिया जिले की संस्कृति, कला, पर्यटन और परंपराओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ जिले की पहचान को प्रदेश स्तर पर और मजबूत करेगा।

---

# एमसीबी में 1278 परिवारों को मिलेगा पक्का घर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एमसीबी जिले के शहरी क्षेत्रों में बेघर, आवासहीन एवं कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा पहल तेज कर दी गई है।

जिले के सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों से पात्र हितग्राहियों के आवेदन शीघ्र मंगाने का आग्रह किया गया है, ताकि योजना की आवेदन प्रक्रिया को और गति दी जा सके। भारत सरकार द्वारा एमसीबी जिले को कुल 1278 आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिससे सैकड़ों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार होगा। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नगर पालिक निगम चिरमिरी में 710, नगर



पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में 275, नगर पंचायत खोंगापानी में 145, नगर पंचायत जनकपुर में 40, नगर पंचायत झगराखांड में 64 तथा नगर पंचायत नई लेदरी में 44 आवासों का लक्ष्य तय किया गया है। पात्र हितग्राही पीएमएवाई-यू 2.0 के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, वहीं सुविधा के लिए संबंधित नगरीय निकाय कार्यालयों में ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। आवेदन के लिए मुखिया एवं परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, 100 रूपए के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र, बैंक पासबुक की प्रति सहित आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य हैं। पात्रता के अनुसार आवेदक की वार्षिक आय 3 लाख रूपए से कम होनी चाहिए तथा उसके नाम से किसी भी शहरी क्षेत्र में पक्का मकान नहीं होना चाहिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत नवीन डीपीआर प्रेषित किए जाने के लिए कुल 1278 के अद्यतन लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 134 आवासों की डीपीआर प्रेषित की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 10 प्रतिशत है।

शेष लक्ष्य की पूर्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा नगरीय निकायों के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन कर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का लाभ लें और अपने परिवार के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक पक्के आवास का सपना साकार करें।

---

# तलवापारा में पांच दिवसीय योग शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

छग शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग संचालनालय आयुष तथा जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत जूनापारा के मोहल्ला तलवापारा में आयोजित निःशुल्क 5 दिवसीय योग शिविर का 5 फरवरी को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह योग शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पद्मासन, पवनमुक्तासन, शलभासन, धनुरासन, शवासन, सूर्य नमस्कार एवं मकरासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही अनुलोम-विलोम,



कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, उज्जायी, शीतली, शीतकारी, नाड़ी शोधन एवं दीर्घ श्वसन प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ, सकारात्मक एवं तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाई गई। योग शिविर का संचालन प्रशिक्षित योग शिक्षक कृष्णा राजवाड़े, सरिता एवं रीमा राजवाड़े के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी श्री मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। योग अभ्यास के पश्चात प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक अवधारणा के अनुरूप चना एवं गुड़ का हेल्दी नाश्ता भी प्रदान किया गया। योग शिविर के लाभार्थी एवं शिक्षक सुरेन्द्र राजवाड़े ने बताया कि इस शिविर से उन्हें अत्यंत लाभ मिला है तथा वे आगे भी योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाए रखेंगे। उन्होंने भविष्य में नियमित सामूहिक योग अभ्यास एवं समय-समय पर प्रशिक्षित योग शिक्षकों को आमंत्रित करने की बात भी कही।


---

# दो माह बाद मांगलिक कार्यों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

करीब दो माह के लंबे इंतजार के बाद 4 फरवरी से शादियों का शुभ सीजन की शुरूआत हो गई, इसके साथ ही बैंडबाजा व बारात की रौनक लौट आई। फरवरी माह में विवाह के कई मुहूर्त पड़ रहे हैं, इसके कारण फरवरी माह में सबसे अधिक विवाह संपन्न होंगे। इसी माह में विवाह के कई श्रेष्ठ मुहूर्त भी है।

जानकारी के अनुसार विवाह के शुभ मुहूर्त के लिए शुक्र ग्रह का उदय होना अनिवार्य होता है। बीते 9 दिसंबर से शुक्र ग्रह अस्त थे, इसके कारण मकर सक्रांति ओर खरमास समाप्त होने के बावजूद जनवरी माह में एक भी विवाह मुहूर्त नहीं था और इसके बाद 4 फरवरी 2026 से विवाह के मुहूर्त शुरू हो रहे हैं, जो माह के अंतिम दिवस तक कई विवाह के मुहूर्त हैं। जानकारी के अनुसार चालू माह में 4 से 8 फरवरी, 10 से 15 फरवरी, इसके बाद 19, 20, 21, 24, 25 तथा 26 फरवरी तक विवाह के ढेरो मुहूर्त है। वहीं मार्च माह में 4 से लेकर 14 तक लगातार विवाह के



मुहूर्त हैं, इसके बाद मार्च में कोई मुहूर्त नहीं है और सीधे एक माह के अंतराल में अप्रैल में 15 अप्रैल से विवाह के मुहूर्त शुरू होंगे, इस तरह अप्रैल के महीने में गिनती के ही विवाह मुहूर्त पड़ रहे हैं।

बाजार में बढ़ी रौंनक- विवाह का शुभ शुरू होने के साथ ही बाजार में विवाह के खरीदी के लिए रौंनक बढ़ गई है। लोग विभिन्न तरह के जरूरत के सामानों की खरीदी के लिए शहर के बाजार में जुट रहे हैं। इनमें कपड़े, बर्तन, किराना सामानों की खरीदी के लिए जुट रहे हैं।

---

# कोयला चोरी के मामले में 9 आरोपी पकड़े गए


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

जिले में अवैध कारोबार, जुआ, सट्टा, गांजा, शराब एवं कोयला चोरी के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, अति पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में थाना चरचा प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा अपने थाना स्टाफ के साथ चरचा क्षेत्र में कोयला चोरों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने कोयला चोरी में संलिप्त 9 आरोपियों को पकड़कर उनके विरूद्ध वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों में सुरेश सिंह निवासी तलवापारा जूनापारा, राजेश कुमार निवासी बनखेतापारा बिशुनपुर, उमेन्द्र सिंह निवासी जूनापारा, संतलाल राजवाड़े निवासी तलवापारा जूनापारा, संजय राजवाड़े निवासी जूनापारा, शंकर सिंह निवासी बनखेता पारा, हेमंत निवासी भट्ठीपारा बिशुनपुर, शिवलाल निवासी तलवापारा, शिवराम सूर्यवंशी निवासी शिवपुर चरचा शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कोयला चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में आरक्षक सागर लाल, प्रदीप श्याम, राजेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, जयसिंह, साकेश प्रकाश एवं सैनिक रविदास का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। चरचा एवं आसपास के क्षेत्रों में कोयला चोरी, अवैध परिवहन और अवैध कारोबार पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

---

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को सचिव ने देखा

**मनेन्द्रगढ़।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने मनेन्द्रगढ़ प्रवास के दौरान जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत चनवारीडांड में संचालित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि यह इकाई स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को जमीनी स्तर पर साकार करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ग्रामीण रोजगार और संसाधन पुर्नचक्रण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता सेवकों एवं संबंधित कार्मिकों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायतों तथा रूट चार्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रों में स्थापित एसआरएलएम केन्द्रों से प्लास्टिक अपशिष्ट का नियमित एकत्रीकरण किया जाता है। सभी नगर निकायों के साथ किए गए अनुबंध के माध्यम से प्लास्टिक को चनवारीडांड स्थित प्रबंधन इकाई तक लाया जाता है, जहां पृथक्करण उपरांत उसका श्रेडर किया जाता है। इस श्रेडर प्लास्टिक का उपयोग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण में किया जा रहा है, जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट का सुरक्षित एवं उपयोगी निपटान सुनिश्चित हो रहा है। इकाई के माध्यम से अब तक लगभग 2600 किलोग्राम श्रेडर प्लास्टिक पीएमजीएसवाई को प्रदाय किया जा चुका है, जबकि 450 किलोग्राम श्रेडर प्लास्टिक वर्तमान में स्टॉक में उपलब्ध है, जिसे शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्यों में उपयोग के लिए प्रदाय किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजेश जैन, उप अभियंता शैलेश गुप्ता, ग्राम पंचायत चनवारीडांड के सरपंच सोनू सिंह, सचिव अनिल सिंह, क्लस्टर समन्वयक प्रभा पयासी सहित स्वच्छाग्राही एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

### अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# रोमांचक मुकाबले में मणिपुर ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत प्रतियोगिता के तीसरे दिन का तीसरा मुकाबला स्पोर्टिंग एथोर्टी, रांची (झारखंड) एवं एफसी जान, इम्फाल (मणिपुर) के बीच खेला गया। मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। इसमें दर्शकों को अंत तक सांस थामे रहना पड़ा।

मैच के मुख्य अतिथि छग फुटबॉल संघ के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिरमिरी डॉ. अशोक बिराजी, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक हीरा सिंह एवं ददन राम रहे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात राष्ट्रगान के साथ मैच की शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंच पर


मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देते अतिथि।

हेमसागर यादव, धर्मेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, प्रदीप डे, नीरज गुप्ता, शशिभूषण राय एवं जितेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मैच के प्रारंभ से ही स्पोर्टिंग एथोर्टी, रांची की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और कई बार गोल करने के मौके बनाए, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं एफसी जान, इम्फाल की टीम ने भी शानदार बचाव और जवाबी हमले किए। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं और स्कोर 0-0 बना रहा। मध्यांतर के बाद मणिपुर की टीम ने दबाव बनाते हुए आक्रामक खेल दिखाया। एक सुनहरा अवसर भी मिला, लेकिन रांची टीम के गोलकीपर ने बेहतरीन सूझबूझ का परिचय देते हुए गोल बचा लिया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं और मुकाबला 0-0 की बराबरी पर


मैदान में खेलते खिलाड़ी।

समाप्त हुआ। इसके पश्चात मुख्य निर्णायक के निर्णयनुसार पेनाल्टी शूटआउट कराया गया। इसमें एफसी जान, इम्फाल (मणिपुर) ने स्पोर्टिंग एथोर्टी, रांची (झारखंड) को 5-4 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच का मैन ऑफ द मैच पुरस्कार एफसी जान, इम्फाल के जर्सी नंबर 9 जुनेद खान को दिया गया। यह पुरस्कार हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की ओर से प्रदान किया गया, जिसे डॉ. अशोक बिराजी के हाथों सम्मानित किया गया।

मैच के मुख्य निर्णायक आशीष तिवारी, सहायक निर्णायक प्रफुल्ल कुमार एवं भरत राजवाड़े, फोर्थ ऑफिशियल विशाल प्रजापति, मैच कमिश्नर अनिल कचेर तथा अतिरिक्त निर्णायक विजय विश्वकर्मा रहे। ग्राउंड मैनेजमेंट एवं फिजियोथैरेपी में मो. रफीक की अहम भूमिका रही। आयोजन समिति में अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया, तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजकों ने नगरवासियों एवं खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और इस ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है। चौथे दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। मैच का शुभारंभ दोपहर 1:30 बजे होगा। पहला मुकाबला खड़कपुर, पश्चिम बंगाल बनाम एमएजी, बैंगलोर (कर्नाटक) तथा दूसरा मुकाबला बक्सर, बिहार बनाम एससी रेलवे नागपुर के बीच खेला जाएगा।

---

### परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 6 फरवरी को देश के करोड़ों छात्रो शिक्षकों एवं अभिभावकों से सीधा संवाद करेंगे, जिसका प्रसारण सुबह 10 बजे से किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारी सूचना प्रसारित कर समस्त संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विभिन्न शोसल प्लेटफार्म, टीव्ही से प्रसारण को छात्रों को दिखाने का उचित व्यवस्था कर दिखाएंगे। इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का 9 वे संस्करण है और इस बार बीते वर्षो की तुलना में सर्वाधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था और अभिभावकों की भी अधिक भागीदारी रही है। प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव को दूर करना और आत्म विश्वास बढ़ाना है, इसके लिए जिले के सभी विद्यालयों में 6 फरवरी की सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने सुनने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### तार्किक विसंगतियों की सूची ग्राम पंचायतों में चस्पा

**सूरजपुर।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में आने वाले व्यक्तियों के नाम सार्वजनिक किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देशों के तहत जिले के सभी ग्राम पंचायत भवनों, सार्वजनिक स्थलों, तहसील एवं एसडीएम कार्यालयों तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड कार्यालयों में संबंधित सूचियां लोगों के अवलोकन हेतु चस्पा की गई हैं। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार तार्किक विसंगतियों की श्रेणी में प्रभावित व्यक्तियों को सूची के प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों की अवधि के भीतर अपने दस्तावेज अथवा आपत्तियां प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया है। संबंधित व्यक्ति स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि, जिनमें बूथ लेवल एजेंट भी शामिल हो सकते हैं। साथ ही आवश्यक दस्तावेज बीएलओ कार्यालय अथवा तहसील, एसडीएम स्तर के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। आयोग के निर्देशों के परिपालन में जिले के सभी ग्राम पंचायतों में 11 फरवरी को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभा में मतदान केंद्रों के बूथ लेवल अधिकारी द्वारा तार्किक विसंगतियों की सूची का वाचन किया जाएगा, जिससे आम नागरिकों को जानकारी मिल सके और वे समय-सीमा के भीतर आवश्यक कार्रवाई कर सकें।

### नगर में बाईपास रोड बनाने की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बिश्रामपुर।** जिला सदस्य किसान मोर्चा एवं निवर्तमान जिला महामंत्री दुर्गा गुप्ता ने बिश्रामपुर शहर में बायपास रोड निर्माण की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।,ज्ञापन में बताया कि बिश्रामपुर शहर तेजी से घनी आबादी वाला क्षेत्र बनता जा रहा है, जिसके कारण सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ रहा है और शहर के मुख्य मार्ग से बसें, ट्रेलर और ट्रक गुजरते हैं, जबकि इस मार्ग पर स्कूल, मंदिर, बैंक और बाजार हैं, जिससे दिनभर भीड़भाड़ होने से दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है,आए दिन सड़क हादसों की खबरें सामने आ रही हैं। उन्होंने ज्ञापन में यह भी बताया गया कि सूरजपुर शहर की तर्ज पर बिश्रामपुर में भी बाईपास रोड का निर्माण आवश्यक हो गया है,ताकि भारी वाहन शहर में प्रवेश किए बिना सीधे बाईपास रोड से निकल सकें,उन्होंने बताया कि बाईपास रोड के लिए कई बार सर्वे किया जा चुका है, लेकिन उक्त मामले में अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो पाई है,उन्होंने प्रशासन से इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए शीघ्र बाईपास रोड निर्माण की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

## जिले के दूर दराज के लोगों को नहीं मिल रहा लाभ

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल की चरमराई सोनोग्राफी व्यवस्था,बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके इसके लिए पर्याप्त जांच उपकरण उपलब्ध है। हैरानी की बात तो यह है कि अस्पताल में सोनोग्राफी, सीटी स्कैन व एमआरआई की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन अस्पताल में पर्याप्त रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने से अब अस्पताल प्रबंधन रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की कमी से इसका सीधा असर जांच कराने वाले मरीजों पर पड़ने लगा और सोनोग्राफी सहित सीटी स्कैन व एमआरआई की व्यवस्था चरमरा गई है। आलम यह है कि अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने से मरीज समेत परिजन परेशान है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने पहुंचे है लेकिन एक ही रेडियोलॉजिस्ट होने तथा समय पर सोनोग्राफी नहीं होने से कई परिजन मरीज का निजी संस्था में ही सोनोग्राफी कराना उचित समझ लौट जाते है।

**खास बात**

- रेडियोलॉजिस्ट की समस्या से जूझ रहा मेडिकल कॉलेज अस्पताल

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी व सीटी स्कैन व एमआरआई के लिए अलग-अलग रेडियोलॉजिस्ट नियुक्त थे लेकिन अब अस्पताल में केवल दो रेडियोलॉजिस्ट ही है। ऐसे में दोनों रेडियोलॉजिस्ट भार अधिक बढ़ गया है जिसका सीधा असर न सिर्फ सोनोग्राफी, सीटी स्कैन, एमआरआई सेवा पर पड़ा बल्कि ऑनलाइन रिपोर्टिंग होने से अब गिनती के मरीजों की जांच हो रही है। जबकि अधिकांश मरीजों को परिजन निजी संस्था में जांच कराने को मजबूर है। इधर अस्पताल प्रबंधन एक रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की व्यवस्था करने का दावा किया है लेकिन आज तक रेडियोलॉजिस्ट की व्यवस्था नहीं हो सकी। सोनोग्राफी के लिए एक रेडियोलॉजिस्ट के होने से अब मरीजों की जांच नहीं हो पा रही है। हर रोज बड़ी संख्या में मरीज सोनोग्राफी कराने अस्पताल पहुंचे परंतु सोनोग्राफी नहीं होने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा।



सोनोग्राफी कक्ष के सामने लोगों की भीड़।

### दूसरे दिन बाद आता है नम्बर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शहर सहित दूसरे जिले से भी बड़ी संख्या में मरीज पहुंचते है। जिसमें से अधिकांश मरीज ऐसे होते है जो केवल सोनोग्राफी कराने ही अस्पताल आते है। लेकिन एक रेडियोलॉजिस्ट होने की वजह से उनकी समय पर जांच नहीं हो पाती। ऐसे में सोनोग्राफी कराने के लिए परिजन को नंबर लगाना पड़ता है। एक दिन में 15 पुरुष एवं 15 महिला मरीजों की ही सोनोग्राफी होता है ऐसे में मरीज का नम्बर दूसरे या तीसरे दिन आता है जिससे अधिकांश मरीज बिना सोनोग्राफी कराए ही वापस लौट जाते है।

### अनुपयोगी हुए लाखों की मशीन

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी के लिए संसाधन की कमी नहीं है। लाखो की लागत से सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध कराई गई है जिसमें से एक पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन शामिल है। हालांकि पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन का उपयोग चिकित्सक प्रसव के लिए दाखिल प्रसूता के लिए करते है। एमसीएच में सोनोग्राफी मशीन में से 32 लाख की लागत से सोनोग्राफी मशीन प्रसूताओं की सुविधा के लिए लगाई गई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध है परंतु एक रेडियोलॉजिस्ट होने तथा अन्य रेडियोलॉजिस्ट के छुट्टी पर चले जाने से अब सोनोग्राफी मशीन अनुपयोगी हो गई है।

दो दिन पूर्व ही सीतापुर क्षेत्र से एक गर्भवती माता मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची लेकिन नम्बर लगाने में महज पांच मिनट की देरी हुई तो उसे दूसरे दिन आने की बात कही। दूसरे दिन भी सीतापुर क्षेत्र से आने में पांच मिनट की देरी हुई तो पुनः वापस लौटा दिया गया। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने पर महिला अस्पताल के समीप ही निजी अस्पताल में सोनोग्राफी करा आगे की उपचार शुरू कराई। इस प्रकार की घटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल में आए दिन होती है। ऐसे में सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है जिले के दूर दराज से आने वाले मरीजों को सोनोग्राफी का लाभ नहीं मिल रहा है और निजी संस्था में सोनोग्राफी कराने को मजबूर है।

### नहीं है जानकारी

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सभी का सोनोग्राफी हो इसके लिए व्यवस्था बनाई गई। रेडियोलॉजिस्ट जितने का सोनोग्राफी कर सकते है उतने लोगों का नम्बर लगाते है। अस्पताल से किसी मरीज को बिना सोनोग्राफी किए वापस भेजा गया इसकी जानकारी नहीं है। रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक की कमी है। इस माह एक रेडियोलॉजिस्ट की भर्ती की जाएगी जिससे लोगों को राहत मिलेगा।

**-डॉ.आरसी आर्या**
अस्पताल अधीक्षक

## विद्युत वितरण केंद्र में रजत जयंती पर ऊर्जा संरक्षण और सरकारी योजनाओं दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लटोरी विद्युत वितरण केंद्र प्रांगण में रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा अध्यक्ष नूतन विश्वास, विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य शरद चन्द्र द्विवेदी, बीडीसी मोहर लाल चेरवा एवं सरपंच सुरजीत कुमार शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत में कनिष्ठ अभियंता साजिद शेख ने विद्युत विभाग की योजनाओं और ऊर्जा संरक्षण की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने उपभोक्ताओं को सोलर ऊर्जा अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए बताया कि सोलर सिस्टम से उत्पन्न अतिरिक्त बिजली को विभाग द्वारा लिया जाता है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ मिलता है और बिजली खर्च में कमी आती है। उन्होंने राज्य शासन की 200 यूनिट बिजली बिल हाफ योजना तथा प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी दी। साजिद शेख ने स्मार्ट मीटर की उपयोगिता के संबंध में बताया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक से लैस यह व्यवस्था बिजली उपभोग की सटीक जानकारी प्रदान करती है और बिलिंग प्रक्रिया को पारदर्शी बनाती है। किसी भी प्रकार की शंका होने पर विभाग द्वारा जांच की समुचित व्यवस्था की जाती है, ताकि उपभोक्ताओं का विश्वास बना रहे।

- समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान लगातार दो वर्षों तक समय पर बिजली बिल का भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नूतन विश्वास ने कहा कि छत्तीसगढ़ की 25 वर्षों की विकास यात्रा जनभागीदारी, सुशासन और दूरदर्शी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आज सरकार की प्राथमिकता है कि हर घर तक सस्ती, सुरक्षित और निर्बाध बिजली पहुंचे। विशिष्ट अतिथि शरद चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि बिजली आज केवल एक सुविधा नहीं, बल्कि विकास की आधारशिला बन चुकी है। जब गांव और कस्बे रोशन होते हैं, तब शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता अजय तिवारी सहित विद्युत विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## होली से पहले खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर रहेगी प्रशासन की नजर

**रामानुजगंज।** जिले में होली का पर्व नजदीक आते ही मिठाइयों, नमकीन और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग में तेजी देखी जा रही है। त्योहार के दौरान लोगों की सेहत से किसी भी तरह का समझौता न हो, इसे लेकर जिला प्रशासन सतर्क नजर आ रहा है। खासकर खाद्य पदार्थों की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए फूड सेफ्टी विभाग द्वारा विशेष निगरानी और जांच अभियान चलाने की तैयारी की जा रही है।

- फूड सेफ्टी विभाग करेगा सघन जांचु

फूड सेफ्टी विभाग के जिलाधिकारी प्रशांत तिवारी ने बताया कि होली पर्व से पहले जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों, मिठाई दुकानों और अस्थायी विक्रय स्थलों की जांच की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि खाद्य सुरक्षा मानकों के अनुरूप ही सामग्री की बिक्री सुनिश्चित की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य है कि आमजन को सुरक्षित, शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध हो, ताकि होली का पर्व बिना किसी स्वास्थ्य संबंधी परेशानी के उल्लास पूर्वक मनाया जा सके। फूड सेफ्टी विभाग की टीम द्वारा नमूनों की जांच और निगरानी के माध्यम से खाद्य सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला प्रशासन ने उपभोक्ताओं से कहा है कि खाद्य सामग्री खरीदते समय गुणवत्ता पर ध्यान दें और किसी भी प्रकार की शंका होने पर संबंधित विभाग को सूचित करें।



## बेंगलुरु से सकुशल वापस लाई गई बालिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग के मार्गदर्शन में बेंगलुरु स्थित एक संस्था में पिछले कई महीनों से रह रही बालिका को सकुशल वापस लाया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग शुभम बंसल द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार एक विशेष दल का गठन कर तत्काल बेंगलुरु रवाना होने के निर्देश दिए गए। गठित दल में संरक्षण अधिकारी एवं चाइल्ड लाइन सुपरवाइजर शामिल थे, जो बालिका के पिता के साथ 24 जनवरी को बेंगलुरु के लिए रवाना हुए। दल 26 जनवरी की दोपहर 3 बजे बेंगलुरु पहुंचा, जहां सीधे बालिका गृह जाकर संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित किया गया। आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत उसी दिन शाम 5 बजे बालिका को दल द्वारा अपने संरक्षण में लिया गया।

## विक्रम बने युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष, वधेश किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष

**प्रतापपुर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला नई कार्यकारिणी की घोषणा संगठन के दिशा निर्देश अनुसार जिलाध्यक्ष देव द्वारा किया गया गया। प्रतापपुर में सक्रिय विक्रम प्रताप सिंह को युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष की अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है।इस घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और युवा मोर्चा के सदस्यों उत्साह और हर्ष का माहौल है। विक्रम प्रताप सिंह ने कहा कि जो दायित्व दिए गए है उसको पूरा करने का प्रयास करूंगा। वहीं प्रतापपुर रेवटी मंडल गोविंदपुर के वधेश गुप्ता को जिला भाजपा किसान मोर्चा के सह कोषाध्यक्ष बनाया गया है।



**न्यायालय नायब तहसीलदार रघुनाथपुर जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
राजस्व प्र.क्र./..../ब-121/2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम बुलंगा को सूचित किया जाता है कि आवेदक फुन्दुर आ. स्व. बुढिया जाति कंवर निवासी ग्राम बुलंगा, तहसील लुण्ड्रा, जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपनी नानी स्व. रजमतिया की मृत्यु दिनांक 13/05/2009 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतका का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु अनुपलब्धता प्रमाण पत्र. स्वंय का शपथपत्र, आवेदन पत्र संलग्न किया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उक्त कार्यवाही से किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आक्षेप स्वंम या अपने अभिभाषक के माध्यम दिनांक सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आक्षेप पर कोई विचार नहीं किया जायेगा 12/02/2026 तक मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर एवं तदानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 28/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से अंकित कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**तहसील रघुनाथपुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202601020700020/**
विषयः- अ-27 मामले की श्रेणीः- राजस्व सनः- 2025-2026
लक्ष्मीपुर (प.ह.न.00023),
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-ठुनी, सीमा तिर्की, छिन्दिया, अन्नु, अल्का, आनन्द
अनावेदक पक्षकार-ठुनी, सीमा तिर्की, छिन्दिया, अन्नु, अल्का, आनन्द

**ईश्तहार**

आवेदक आनन्द आ. .स्व.बलिन्दर माता इंदिरा निवासी मठपारा, लक्ष्मीपुर, तहसील, अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम लक्ष्मीपुर स्थित खसरा नंबर 58/1, 59/2, रकबा क्रमशः 0.262, 0.040 हे. भूमि को उभयपक्ष के मध्य में 1/6 अंश में बटवारा किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 09.2.2026 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06/01/2026 को जारी किया जाता है

**UMESHWAR SINGH BAJ**
**तहसीलदार**
**तहसील - अम्बिकापुर**

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर जिला – सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र.- /ब-121/2025-26

**//ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विनय कुमार गुप्ता पिता राम सुन्दर गुप्ता निवासी रिंग रोड नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 607/10 रकबा 0.020 हे. मेसे रकबा 0.010 हे.भूमि को अनावेदक सीमा गुप्ता पति लवकेश गुप्ता निवासी रिंग रोड नमनाकला अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के पास दान करने की अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है,

जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 25.02.2026 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 27/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**अम्बिकापुर,सरगुजा**

**न्यायालय नाबय तहसीलदार दरिमा, सरगुजा (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./ /ब-121-/25-26

**//ईश्तहार//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है – आवेदक श्री आनन्दराम पिता शिवनन्दन निवासी ग्राम कंठी के द्वारा मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 के धारा 13(3) एवं छ.ग. मृत्यु रजि. नियम 2001 के नियम 09 (3) के अन्तर्गत अपने माता कठोरी बाई पिता दलगंजन का मृत्यु दिनांक 11/09/2017 को ग्राम कंठी में होना बतलाते हुये उनके मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय बावत आवेदन प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से जारी दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेंगा।

आज दिनांक 29/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**दरिमा**
**सरगुजा (छ.ग.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं दिलीप रूपचंदानी आ. हीरानंद रूपचंदानी, पता-मिशन चौक के पास अम्बिकापुर जिला - सरगुजा छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरा नाम उपरोक्तानुसार है जो सत्य व सही है मेरे पुत्र का वास्तविक नाम वंश रूपचंदानी है जो कि मेरे पुत्र के शालेय अभिलेखों में एवं जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है जो सत्य व सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम प्रथम रूपचंदानी है जो कि गलत नाम है जिसे सुधार करते हुए मेरे पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम वंश रूपचंदानी अंकित किया जावे तथा इसी नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

**भवदीय**
**दिलीप रूपचंदानी**
**आ. हीरानंद रूपचंदानी**
निवासी-मिशन चौक अम्बिकापुर
जिला सरगुजा छ.ग.

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल – एम.डी.जनरल फिजिशियन
डॉ. हेमन्त कुमार बी – MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय – MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. सोनल गार्डिया – MBBS, MS(General Surgeon) जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन
डॉ. मनोज भारती – MBBS, MS हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित – MBBS, DNB Ortho (Lilavati Hospital Mumbai) हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. नताशा शर्मा – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ.जी.के.दामले – MS, ENT
डॉ. भावना गार्डिया – स्त्री रोग विशेषज्ञ
डॉ. रोशन आरा – एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस
डॉ. हिमांशु गुप्ता – MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अखिलेश कुमार भारत – जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. कमल नारायण गुप्ता – श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता – MBBS, DCH शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य – जनरल फिजिशियन
डॉ. समीर श्रीवास्तव – हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. रिषभ गुप्ता – किडनी रोग विषेशज्ञ
डॉ. राहूल शामकांत जाधव – एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. चन्द्रांशु त्रिपाठी – मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता – न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. मीना राव – आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि – BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू – फिजियोथैरेपी
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 9826183780
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जांच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खॉसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया,PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 08 फरवरी, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 08 फरवरी 2026, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 23 फरवरी 2026, सोमवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
बीमारियों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
मो. 9753266386

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL – creating healthy tomorrow
CGHS से मान्यता प्राप्त
ऑपरेशन थियेटर – सोनोग्राफी सुविधा
डॉ.कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
CHEST PHYSICIAN (GOLD MEDALIST)
श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप


### साई कॉलेज में हुई सलाद प्रतियोगिता

**अम्बिकापुर।** साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सलाद प्रतियोगिता ग्रीन सलाद और फ्रूट सलाद दो वर्गों में आयोजित की गई।



प्रतियोगिता में हिन्दुस्तान की विरासत और आध्यात्म दर्शन एक साथ नजर आया। एक ओर फलो से जहां विकसित भारत के लक्ष्य के प्रति चेतनता दिखी तो दूसरी ओर आजादी के लिए शहीदों का शौर्य, बलिदान को दिखाया गया। खरगोश, हाथी से वन्यजीवों की महत्ता दिखी तो भगवान गणेश, सेंटाक्लॉज से हमारे जीवन दर्शन को उकेरा गया। ग्रीन सलाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शानू तिर्की, द्वितीय मिनल सिंह, रेशमा बार, दीप्ति यादव, रागिनी तिवारी, प्रवलीन कौर, अन्वेषा प्रियल, संजना, तृतीय स्थान पर तनिष्का सिन्हा, एकता रानी साहू, अंजली पाण्डेय, तृप्ति साहू, अनुषा सिंह रहे। फ्रूट सलाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शानू रानी तिर्की, द्वितीय स्थान पर मिनल सिंह, रागिनी तिवारी तथा तीसरे स्थान पर तनिष्का सिंह, अदिति गुप्ता, संजना तथा संजीवनी रही। प्रतियोगिता के निर्णायकों में ममता तिवारी और विनोद तिर्की शामिल थे। प्रतियोगिता का संयोजन क्रिएटिविटी क्लब प्रभारी डॉ.वंदना पाण्डेय, विभा तिवारी, निशा सिंह, साक्षी गोयल रही।

### मैनपाट महोत्सव हेतु एसईसीएल ने दिया 20 लाख रुपए का चेक



**बिश्रामपुर।** सरगुजा अंचल के सामाजिक,सांस्कृतिक एवं पर्यटन विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैनपाट महोत्सव के आयोजन हेतु साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की ओर से 20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई,यह राशि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक डॉ.संजय कुमार सिंह द्वारा चेक के माध्यम से सरगुजा जिले के ज़िलाधिकारी अजीत बसंत को सौंपी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक डॉ. संजय कुमार सिंह ने कहा कि एसईसीएल अपने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत क्षेत्र के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है,मैनपाट महोत्सव न केवल आदिवासी संस्कृति,लोककला और परंपराओं को मंच प्रदान करता है,बल्कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं।
उन्होंने बताया कि मैनपाट महोत्सव के माध्यम से सरगुजा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, लोकनृत्य, लोकसंगीत, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलती है।इस दौरान महाप्रबंधक के साथ एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अमरेंद्र नारायण उपस्थित थे।

### बानी मुखर्जी महिला सशक्तिकरण के लिए हुई सम्मानित




**अम्बिकापुर।** राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 24 जनवरी को महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत केंद्रीय जेल की कल्याण अधिकारी श्रीमती बानी मुखर्जी को महिला बाल विकास विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।
महिला सशक्तिकरण की दिशा में शिक्षा, बाल विवाह, कुपोषण, महिला जागरूकता स्वस्थ, कुप्रथाओं को रोकने महिलाओं के कौशल विकास के द्वारा उन्हें आर्थिक रूप से स्वरोजगार और शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में किए गए बेहतर कार्यों के लिए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। कल्याण अधिकारी श्रीमती मुखर्जी महिला सशक्तिकरण की दिशा में कार्य कर रही हैं।

### हिमांशी ने यूजीसी नेट परीक्षा में प्राप्त किया 97 प्रतिशत अंक

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 15 निवासी



सुनील गुप्ता की सुपुत्री हिमांशी गुप्ता ने यूजीसी नेट परीक्षा में 97 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार सफलता हासिल कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।
इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के उपलक्ष्य में स्वामी विवेकानंद स्टडी सर्किल रामानुजन द्वारा हिमांशी गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उन्हें साल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित अतिथियों ने हिमांशी की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भौतिक सत्यापन के बाद ही खरीदी होने की सूचना पर लौटे किसान

# धान खरीदी की तिथि बढ़ते ही समितियों में उमड़ी किसानों की भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

शासन द्वरा धान खरीदी का समय समाप्त होने के बाद खरीदी तिथि में दो दिन की वृद्धि करने की सूचना पर गुरूवार को बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर सहकारी समितियों में पहुंचे। इस दौरान अपनी उपज का भौतिक सत्यापन उपरांत पहुंचे किसानों को टोकन जारी करने के साथ ही उनकी उपज खरीदी गई। अन्य किसानों को सत्यापन कराने के बाद शुक्रवार को अपनी उपज लाने की सलाह दी गई।

शासन द्वारा धान खरीदी के लिए अंतिम तिथि 31 जनवरी निर्धारित की गई थी। 31 जनवरी को शनिवार की छुट्टी होने के कारण 30 जनवरी तक ही धान की खरीदी हुई। धान खरीदी की तिथि समाप्त होने के बावजूद बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज को नहीं बेच पाए थे। अंतिम समय में कुछ किसान भौतिक सत्यापन के अभाव में टोकन हासिल नहीं कर सके थे जबकि बड़ी संख्या में किसान रकबे में आई गड़बड़ी को सुधरवाने तहसील एवं समिति का चक्कर लगा रहे थे। खरीदी तिथि समाप्त होने के बाद ऐसे किसान अपनी उपज के विक्रय को लेकर काफी परेशान थे तथा धान खरीदी की तिथि बढ़ाने की मांग कर रहे थे। शासन द्वारा 5 फरवरी एवं 6 फरवरी को बचे किसानों का धान खरीदने की सूचना पर किसान काफी उत्साहित दिखे।

सुबह खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व ही बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर समिति में पहुंच गए थे। उपार्जन केन्द्र के खुलते ही पहले अपने-अपने धान की तौल कराने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिए। इस दौरान समिति के कर्मचारियों ने राजस्व कर्मचारियों द्वारा शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन कराने वाले किसानों का धान खरीदने की जानकारी दी तथा बिना सत्यापन कराए अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों को पहले भौतिक सत्यापन कराने की सलाह देकर वापस घर लौटा दिया। बड़ी संख्या में किसानों के वापस घर लौटने के बावजूद उपार्जन केन्द्रों में किसानों का मजमा लगा रहा।

### 11 उपार्जन केन्द्र में हुई धान की खरीदी



**खरीदा गया 795 किसानों का धान**

गुरूवार को सरगुजा के 11 उपार्जन केन्द्रों में अपनी उपज का सत्यापन कराने वाले 795 किसानों का धान खरीदा गया। सरगुजा के कुल 859 किसानों ने अपनी उपज बेचने के लिए टोकन हासिल करने आवेदन किया था। शासन द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार राजस्व विभाग के अधिकारियों ने किसानों के आवेदन अनुसार उनकी फसल का भौतिक सत्यापन किया। भौतिक सत्यापन रिपोर्ट के अनुसार सभी किसानों को टोकन जारी करने के साथ ही उनके उपज की खरीदी की गई। टोकन के लिए उपार्जन केंद्र गेरसा के सर्वाधिक 151, प्रतापगढ़ के 120 बरगीडीह के 110, कमलेश्वरपुर के 86, नर्मदापुर के 71 किसानों सहित अलग-अलग 11 उपार्जन केन्द्रों के कुल 852 किसानों ने टोकन के लिए आवेदन किया था। प्रशासनिक टीमों द्वारा कुल 795 किसानों की उपज का सत्यापन पूरा कर लिया गया था जबकि शेष बचे 57 किसानों की उपज का सत्यापन करने गुरूवार का दिन निर्धारित किया गया है। सत्यापन के लिए बचे किसानों में गेरसा के 19, कमलेश्वरपुर के 15 जबकि अन्य उपार्जन केन्द्रों के 2-4 किसान शेष बचे है।

#### ये शर्तें थी निर्धारित

धान खरीदी के अंतिम दौर में कोचिए अपने धान को खपाने में पूरी ताकत लगा देते हैं। कोचियों से बचने शासन ने 10 जनवरी के उपरांत टोकन के लिए आवेदन करने एवं सत्यापन के अभाव में अपनी उपज नहीं बेच पाने एवं 10 जनवरी के उपरांत आवेदन करने वाले ऐसे किसान जो भौतिक सत्यापन कराने के बावजूद अपना धान नहीं बेच सके थे उनकी उपज खरीदने का निर्देश जारी किया था। खरीदी के अंतिम दौर में 28,29 एवं 30 जनवरी को टोकन लेने के बावजूद धान बेचने से वंचित किसानों का भी धान खरीदने शासन द्वारा निर्देशित किया गया।

#### निर्देशानुसार खरीदी

उपार्जन केन्द्रों द्वारा शासन के निर्देशानुसार भौतिक सत्यापन के उपरांत ही किसानों का धान खरीदा जा रहा है। शुक्रवार को भी उपार्जन केंद्रों द्वारा किसानों का धान खरीदा जाएगा।

पीसी गुप्ता
नोडल अधिकारी, को-ऑपरेटिव बैंक

## अशांत वायुमंडल के कारण पड़ती है अध्यात्म की जरूरत



**अंबिकापुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में 90 वीं शिव जयंती के उपलक्ष्य में बलरामपुर सीईओ नयनतारा, अंबिकापुर सीईओ विनय अग्रवाल, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी राकेश बघेल, आर्ट ऑफ लिविंग के संचालक अजय तिवारी एवं ब्रह्माकुमारी संचालिका अंबिकापुर की बीके विद्या दीदी, ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा ध्वजारोहण के पश्चात केक कटिंग कर 90वीं शिव जयंती दिवस मनाया गया।

सीईओ नयनतारा ने कहा कि कलयुग में अशांत वायुमंडल होने के कारण हमें अध्यात्म की जरूरत पड़ती है जिस प्रकार शरीर के लिए भोजन और एक्सरसाइज की जरूरत होती है उसी प्रकार आत्मा का भोजन और एक्सरसाइज अध्यात्म से होती है जिससे हमारी चेतना जागरूक हो सही निर्णय करने में एवं हर कार्य में सफलता दिलाने में मदद करती है। सीईओ विनय अग्रवाल ने अपने अनुभव के साथ कहा की सेंटर में जुड़ने से सहजता का अनुभव होता है सेंटर द्वारा दी जा रही सेवाओं से शांति, संतुष्टता आती है जो यह संस्था का कार्य बहुत अच्छा है। राकेश बघेल ने बताया कि योग, तपस्या, धारणा के कारण हर परिस्थिति में अपनी जिम्मेदारियों को सहज निभा पाता हूं। अजय तिवारी ने कहा कि अध्यात्म आत्मा का भोजन है यह संस्था बाह्य से अंतर्मुखी की तरफ ले जाना सिखाती है। इस दौरान बीके विद्या दीदी ने शिव अवतरण दिवस को स्पष्ट करते हुए बताया कि शिवरात्रि एक ऐसा पर्व है जिसमें रात्रि शब्द जुड़ा हुआ है शिवरात्रि अर्थात यह सृष्टि पर मनुष्य अज्ञानता रूपी अंधकार के कारण विकारों में गिर जाते हैं तब निराकार परमात्मा शिव स्वयं इस धरा पर आकर आत्म ज्योति में ज्ञान घृत डालकर हमारे अंदर के बुराइयों को समाप्त कर विकारों पर जीत पाना सीखाते हैं। इस दिन उपवास रखा जाता है उप माना निकट- वास अर्थात परमात्मा के समीप रहना ही सच्ची शिवरात्रि मनाना है।

## उत्तराखंड राज्य की टीम ने जीती स्व. इंदिरा गांधी अभा फुटबॉल प्रतियोगिता

**बिश्रामपुर।** कंदरई गांव में इस तरह का अखिल भारतीय स्तर का फुटबॉल प्रतियोगिता कराया जाना निश्चित ही एक बड़ी उपलब्धि है। यहां के खिलाड़ियों को भी इस आयोजन से एक बेहतर मंच मिलता है। खेल का जीवन में अपना एक अलग ही महत्व होता है। उक्त बातें श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद ने बुधवार को ग्राम कंदरई के एकता स्टेडियम में आयोजित स्व.इंदिरा गांधी अभा फुटबाल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य आतिथ्य की आसंदी से व्यक्त करते हुए कही,उन्होंने कहा कि फुटबॉल ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहरी इलाकों का लोकप्रिय खेल बन चुका है,युवाओं को नशे से दूर रखने भी ऐसे आयोजनों से बड़ी उपलब्धि मिलती है।

- **फाइनल मैच के पेनाल्टी शूट आउट गेम में छत्तीसगढ़ फॉरेस्ट की टीम को 2-0 गोल के अंतर से हराया**



यहां पर दोनों ही टीमों ने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए लोगों का भरपूर मनोरंजन किया है,कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद समेत अन्य अतिथियों क्रमशः जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव,चन्दन सिंह,जनपद सदस्य अनिता सुरेश सिरदार,सरपंच क्रमशः कौशल्या,विमला सिंह, मनोज सिरदार, भंवर लाल, माखन जायसवाल, रूपदास महंत, राम बहादुर लांबा, अशोक मिश्रा, वेद प्रकाश मिश्र, निर्मल साहू, शमीम पलिहा, राजेंद्र गवाटिया, रूपनारायण राजवाड़े, अरविंद सिंह, चुनेश्वर सिंह का स्वागत किया गया,इसके पश्चात अतिथियों द्वारा फाइनल मैच खेलने वाले उत्तराखंड व फॉरेस्ट छत्तीसगढ़ की टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का शुरुआत कराया,यहां पर कड़े रोमांचक मुकाबले में उत्तराखंड टीम ने लगातार दूसरे वर्ष भी पेनाल्टी शूट में 2-1 गोल से विजेता का खिताब हासिल किया,अतिथियों के हाथों विजेता उत्तराखंड टीम को 51 हजार रुपए नगद समेत ट्राफी एवं उपविजेता छत्तीसगढ़ फारेस्ट टीम को 31 हजार रुपए नगद व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मैन ऑफ द मैच व मैंन ऑफ द सीरीज जैसे अन्य पुरस्कारों का भी वितरण कर सम्मान किया गया।गौरतलब है कि स्पर्धा में 14 टीमों ने हिस्सा लिया था,आयोजन को सफल बनाने में महेंद्र सिरदार, राजेंद्र कुमार सिरदार,संदीप सिंह,पारस राजवाड़े,संजय प्रताप सिंह,संतोष कुमार,सुरेश कुमार,कामेश थापा, हरिओम,मुकेश जांगड़े,उपसरपंच कौशल राम, वीरचंद सिरदार,नरेंद्र कुमार,हिमांचल सिंह, विनय कुमार,देवगुन राम,भागवत राम, व अन्य सक्रिय रहे।

### ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के सीईओ ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण



राजपुर। प्रधानमंत्री जनमन योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों का रायपुर से आए वरिष्ठ अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला बलरामपुर के परियोजना क्रियान्वयन इकाई-राजपुर अंतर्गत विकासखंड राजपुर की दो महत्वपूर्ण सड़कों का भौतिक सत्यापन किया गया। इनमें ककना–अखोरा खुर्द मार्ग से कटई टिकरा तक 1.21 किलोमीटर तथा अमड़ीपारा से टूकू तक 1.94 किलोमीटर लंबी सड़क शामिल है। छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, रायपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम ने दोनों सड़कों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सड़क निर्माण की गुणवत्ता, चौड़ाई, सतह की फिनिशिंग एवं निर्माण में उपयोग की गई सामग्री का गहन अवलोकन किया गया। अधिकारियों ने पाया कि दोनों सड़कों का निर्माण निर्धारित तकनीकी मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया गया है, जिस पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्षेत्र में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति समूह के ग्रामीणों से प्रत्यक्ष संवाद भी किया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के बाद अपने दैनिक जीवन में आए सकारात्मक बदलावों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पहले जहां आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, वहीं अब सड़क बनने से गांव का संपर्क मुख्य मार्गों से बेहतर हो गया है। बच्चों को स्कूल जाने में सुविधा मिल रही है, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है तथा बाजार एवं रोजगार से जुड़ाव भी मजबूत हुआ है।

## रजत जयंती पर नियमित भुगतान करने वाले विद्युत उपभोक्ता सम्मानित




हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर

विद्युत वितरण कंपनी द्वारा रजत जयंती वर्ष पर वितरण केन्द्र सरगवां, लटोरी, राजापुर, दरिमा, कुन्नी, धौरपुर, अम्बिकापुर, लखनपुर, लुण्ड्रा, लमगांव, पेटला एवं सीतापुर में समारोह आयोजित कर ग्रामीणों को विभाग की योजना से अवगत कराया गया। शासन स्तर पर संचालित कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को सम्मानित करने के साथ ही विभाग की पी.एम. कुसुम योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। समारोह में विद्यासागर चौधरी, भाजपा महामंत्री निशांत गुप्ता, जिपं अध्यक्ष श्रीमती अनिमा केरकेट्टा, उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र पाठक, नपं अध्यक्ष दिनेश साहू, जिपं सदस्य श्रीमती निरूपा सिंह, श्रीमती रतनी नाग, श्रीमती रैयनिया करियाम, शिव भरोस बेक, विजय व्यापारी, धर्मेन्द्र कुमार झारिया, प्रदीप सोनी, संजय राजवाड़े के आतिथ्य में विभाग द्वारा नियमित भुगतान करने वाले उपभोक्ताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पीएम सूर्यघर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान नियमित बिल भुगतान करने वाले बीपीएल श्रेणी, घरेलू, कृषक जीवन ज्योति एवं पीएम सूर्यघर योजना के 5-5 उपभोक्ताओं में से पांच लाभार्थी को लक्की ड्रा के माध्यम से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## नाला में लाखों की राशि से बन रहे स्टॉप डैम का जायजा लेने पहुंचे अधिकारी, पाया मानक के अनुरूप कार्य



हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

जिले के बतौली विकासखंड अंतर्गत जोकी नाला पर मुक्तिधाम के समीप पूर्व में बने विधायक विकास निधि से 19 लाख की डेम तथा वर्तमान में मनरेगा से बन रहे 19 लाख रुपये की लागत से निर्माणाधीन स्टाफ डैम इन दिनों सुर्खियों में है। निर्माण कार्य को लेकर विभिन्न प्रकार की अनियमितताओं के आरोप लगाए गए थे। जिस पर संबंधित विभागीय अमले द्वारा मौके पर पहुंचकर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मनरेगा अंतर्गत किए जा रहे स्टाफ डैम का निर्माण कार्य पूर्णतः शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं अनुशंसाओं के अनुरूप किया जा रहा है।

मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि बीते लगभग 10 वर्षों से स्टाफ डैम की मांग कर रहे थे। वर्तमान में भाजपा सरकार द्वारा उनकी वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए इस स्टाफ डैम का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में जल संरक्षण एवं कृषि को लाभ मिलेगा। मौके पर उपस्थित मनरेगा विभाग की कार्यक्रम अधिकारी संतोषी पैकरा ने जानकारी दी कि इस स्टाफ डैम की स्वीकृति वर्ष 2023 में दी गई थी तथा वर्ष 2024 में निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। लगातार बारिश एवं जलभराव की स्थिति के कारण कार्य में विलंब हुआ, जिसके बाद अब निर्माण कार्य पुनः शुरू किया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है तथा समस्त कार्य मनरेगा के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों से कराया जा रहा है।

इस संबंध में आरईएस के एसडीओ चंद्रभान कुमार ने बताया कि गेट मौके पर लगाए गए हैं। मुक्तिधाम के पास जल प्रवाह अत्यधिक होने के कारण पूर्व में मिट्टी से बंधा हुआ भाग बह गया था, किंतु डैम का मुख्य इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह सुरक्षित है।

### बहाली के बाद भी नहीं मिला प्रभार, डीईओ कार्यालय के बाहर बेटे संग शिक्षक बैठा धरने पर

**रामानुजगंज।** जिले में शिक्षा विभाग से जुड़ा एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर शिक्षक राजेंद्र देवांगन अपने आठ वर्षीय पुत्र हर्षित देवांगन के साथ दो दिनों से धरने पर बैठा हैं। शिक्षक का कहना है कि निलंबन से बहाल होने और ज्वाइनिंग के बावजूद उन्हें अब तक विद्यालय का प्रभार नहीं दिया गया, जिससे वे मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं। राजेंद्र देवांगन ने बताया कि वे बसंतपुर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ थे। वे मूल रूप से कोरबा जिले के उमरेली के निवासी हैं और पिछले 18 वर्षों से बलरामपुर जिले में सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के ही कुछ व्याख्याताओं द्वारा 16 नवंबर को अनुशासनहीनता के आरोप में सरगुजा कमिश्नर से शिकायत की गई थी, जिसके बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया। राजेंद्र देवांगन के अनुसार 5 दिसंबर को उन्हें बहाल कर दिया गया और 11 दिसंबर को उन्होंने पुनः ज्वाइनिंग भी कर ली। बावजूद इसके उन्हें विद्यालय का प्रभार नहीं सौंपा गया।

हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

### गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण पर उपयंत्री निलंबित

हरिभूमि न्यूज.अम्बिकापुर।

छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह एवं पीआरडी के प्रमुख अभियंता केके कटारे ने गुणवत्ताहीन पीएम जनमन सड़क के निर्माण पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने लापरवाही पर संबंधित उपयंत्री को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के साथ ही ठेकेदार को पूरी सड़क का बीटी सरफेस दोबारा निर्माण कराने के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भीम सिंह एवं प्रमुख अभियंता केके कटारे बलरामपुर-रामानुजगंज जिला में निर्माणाधीन पीएम जनमन सड़कों के दो दिवसीय



निरीक्षण दौरे पर मंगलवार को पहुंचे थे। अधिकारियों ने जिपं सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह के साथ जिलेभर में निर्माणाधीन विभिन्न 6 सड़कों के गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने सड़कों को खुदवाकर गुणवत्ता की जांच की। इस दौरान अधिकारियों ने पस्ता – चिलम खुर्द पीएमजीसवाय सड़क से बासीमुड़ा तक निर्मित डामरकृत पीएम जनमन सड़क की जांच की तो भारी गड़बड़ी मिली।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411